Vol.7 March 2014 No.9
Annual Subscription : Rs 100
Rs. 10/- per copy

ब्रह्मार्पण

BRAHMARPAN

वेदोऽखिलो धर्ममूलम्

A Monthly publication of Brahmasha India Vedic Research Foundation

Brahmasha India Vedic Research Foundation
ब्रह्माशा इंडिया वैदिक रिसर्च फाउन्डेशन

ओ३म्-पुत्र की पहचान

-प्रियवीर हेमाइना

ओ३म्-पुत्रो, ओ३म्-पुत्र की ाान लिये जीना है।
चक्रवर्ती हम थे यह अभिमान लिये जीना है।।
भले प्रांत हों अलग-अलग
और भिन्न हों भाषाएँ
तो भी ओ३म्-चेतना के संग
रखना सम्मिलित आ ााएँ
आगे बढ़कर हमको अब उत्थान लिये जीना है।
चक्रवर्ती हम थे यह अभिमान लिये जीना है।।

निज वैदिक संस्कृति के संग
हमने रंग बिखेरे हैं
'तमसो मा ज्योतिर्गमय' से
हमने रचे सवेरे हैं
हम सबको नव-सजन का अरमान लिये जीना है।
चक्रवर्ती हम थे यह अभिमान लिये जीना है।।

ओ३म्-आज्ञा पर चलकर हमने
राम-कृष्ण-से पाये हैं
ओ३म्-पुत्र की श्रेणी में,
हमने नाम लिखाये हैं
कायरता अब नहीं विजय-अभियान लिये जीना है।
चक्रवर्ती हम थे यह अभिमान लिये जीना है।।

प चिम की प्रदूषित वायु
हम सबको है निगल रही
आर्य-सभ्यता धीरे-धीरे
क्षीण हो रही, पिघल रही
प्रखर चेतना पूरब का वरदान लिये जीना है।
चक्रवर्ती हम थे यह अभिमान लिये जीना है।।

वेदों की िक्षाएँ दिव्य
दयानन्द के सपनों को हम
ीघ्र यहाँ साकार करें
इण्डिया नहीं, आर्यावर्त का सम्मान लिये जीना है।
चक्रवर्ती हम थे यह अभिमान लिये जीना है।।
आर्यावर्त है आर्यों का

पर आर्यता खो गयी है-आज
भ्रष्टाचार अनाचार की
है छा गयी बुराई आज
करने हैं सब दुरित दूर, यह ज्ञान लिये जीना है।
चक्रवर्ती हम थे यह अभिमान लिये जीना है।।

318, विपिन गार्डन, उत्तम नगर,
नई दिल्ली-110059
मो. 7503070674

BRAHMASHA INDIA VEDIC RESEARCH FOUNDATION

C2A/58, Janakpuri,
New Delhi-110058
Tel :- 25525128, 9313749812
*email:*deeukhal@yahoo.co.uk
brahmasha@gmail.com

Sh. B.D. Ukhul
Secretary
Dr. B.B. Vidyalankar
President
Col.(Dr.) Dalmir Singh (Retd.)
V.President
Dr. Mahendra Gupta
V.President
Ms. Deepti Malhotra
Treasurer

Editorial Board
Dr. Bharat Bhushan Vidyalankar, Editor
Dr. Harish Chandra
Dr. Mahendra Gupta
Acharya Gyaneshwararya

लेख में प्रकट किए विचारों के लिए सम्पादक उत्तरदायी नहीं है किसी भी विवाद की परिस्थिति में न्याय क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

Printed & Published by
B.D. Ukhul for Brahmasha India Vedic Research Foundation
Under D.C.P.
License No. F2 (B-39) Press/ 2007
R.N.I. Reg. No. DELBIL/ 2007/22062

Price : Rs. 10.00 per copy
Annual Subscription : Rs. 100.00

Brahmarpan March 2014 Vol. 7 No.9
फाल्गुन-चैत्र 2070 वि.संवत्

ब्रह्मार्पण
BRAHMARPAN

A bilingual Publication of Brahmasha India Vedic Research Foundation

CONTENTS

1. ओ३म्-पुत्र की पहचान 2
-प्रियवीर हेमाइना
2. संपादकीय 4
3. सांख्य द र्नि 7
-डॉ. भारत भूषण विद्यालंकार
4. भारतीय नव संवत्सर (1 चैत्र ुक्ल विक्रमी) 8
-
5. महामना मदनमोहन मालवीय जी के जीवन के संस्मरण 10
6. सरदार पटेल की वहदाकार प्रतिमा स्थापना 12
-डॉ. भवानीलाल भारतीय
7. आज रंग हे माँ रंग है होली का 14
8. सुख-दुःख-एक सिक्के के दो पहलू 17
-उमा मोंगा
9. हिन्दुस्तान के विभाजन में गाँधी जी की भूमिका 20
-कन्हैयालाल एम. तलरेजा
10. वक्फ़ बोर्ड समाप्त करें 27
-प्रफुल्ल गोरडिया
11. Warrior Saint : Guru Gobind Singh
-Kulbir Kaur 28
12. 'Nehru-Patel were divided over sending army to J & K' 31
-L.K. Advani
13. SPICES : A VALUABLE ADDITION TO A HEART-HEALTHY DIET 33
14. Cinnamon and Honey-I 35

संपादकीय

सरकार की यथास्थिति बनाए रखने की नीति

सन् 1947 में दे ा आज़ाद हुआ और 1950 में डॉ. अम्बेडकर के सत्प्रयास से भारत के प्र ाासन के लिए संविधान का निर्माण हुआ। संविधान के निर्माण के बाद विभिन्न मामलों में परस्पर मतभेद और संविधान के प्रावधानों के विरुद्ध आन्दोलन होने पर मध्य मार्ग के रूप में उन्हें कुछ समय के लिए स्थगित रखने की व्यवस्था कर दी गई। उदाहरण के तौर पर अनुसूचित जातियों और जनजातियों तथा पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण की व्यवस्था की गई ताकि इस अवधि में आरक्षण से मिलने वाले वि ोष अधिकारों का लाभ उठाकर वे मुख्यधारा में ाामिल हो सकें। ऐसे ही कुछ अन्य उदाहरण भी नीचे दिए गए हैं।

संविधान निर्माता डॉ. अम्बेडकर का विचार था कि सरकारी नौकरियों, संविधान सभाओं और ि ाक्षा संस्थाओं में अनुसूचित जातियों, जनजातियों और पिछड़े वर्गों को आरक्षण की सुविधा सीमित अवधि (दस वर्षों तक) ही दी जानी चाहिए। उनका कहना था कि जब तक आरक्षण रहेगा ये वर्ग अपने पाँव पर खड़े नहीं हो सकेंगे और न ही उनमें खड़ा होने का आत्मवि वास पैदा होगा। उनका यह भी कहना था कि हम इन्हें सदा के लिए सहारा लेकर चलने वाला अपंग नहीं बनाना चाहते। जब तक आरक्षण रहेगा, तब तक उनमें अपंग होने का भाव बना रहेगा। इसलिए वे चाहते थे कि दस वर्ष बाद आरक्षण समाप्त कर दिया जाना चाहिए। इस प्रकार डॉ. अम्बेडकर का दष्टिकोण तथाकथित राष्ट्रवादियों और अनुसूचित जातियों व जनजातियों के हितों के ठेकेदारों की अपेक्षा कहीं अधिक स्पष्ट, तर्कसंगत और राष्ट्रहित में था। हाल ही में जब काँग्रेस के एक नेता ने जाति के आधार पर आरक्षण समाप्त कर आर्थिक स्थिति के आधार पर आरक्षण की वकालत की तो सुश्री मायावती, पासवान और अन्य नेताओं ने वोट बैंक की राजनीति करते हुए इसका विरोध किया।

यही स्थिति जम्मू-क मीर में धारा 370 की है। इस धारा के

अनुसार जम्मू–क मीर को दे ा के अन्य राज्यों से वि ाष्ट दर्जा प्रदान किया गया है जिस पर न तो भारत का संविधान लागू होता है और न अन्य बहुत–से कानून। ोख अब्दुल्ला ने जब इस विषय में पं. नेहरु से संविधान में ऐसी धारा जोड़ने का आग्रह किया तो नेहरु ने ोख अब्दुल्ला को अम्बेडकर के पास भेज दिया। डॉ अम्बेडकर उस समय विधिमंत्री के साथ संविधान की ड्राफ्टिंग कमेटी के भी सदस्य थे। ोख ने उन्हें संविधान में जम्मू–क मीर को वि ोष दर्जा देने का आग्रह किया। इस पर डॉ. अम्बेडकर ने कहा कि आप चाहते हैं कि भारत रियासत के लोगों को सस्ता अनाज दे, सड़कें बनाए, विकास के लिए धन लगाए, उसको सुरक्षा प्रदान करे, परन्तु जम्मू–क मीर पर उसका कोई अधिकार या नियन्त्रण न हो। उन्होंने ऐसा करने से साफ़ इन्कार कर दिया और कहा कि मैं भारत के हितों की बलि चढ़ाने को तैयार नहीं।

डॉ. अम्बेडकर के उत्तर से निरा ा होकर ोख साहब फिर पं. नेहरु के पास गए। पं. नेहरु में हिम्मत नहीं थी कि वे अम्बेडकर पर इस राष्ट्रहित विरोधी बात के लिए दबाव डालें। इसलिए उन्होंने यह काम गोपाल स्वामी आयंगर को सौंप दिया। आयंगर ने संविधान सभा में इस आ ाय की धारा 370 जोड़ने का प्रस्ताव रखा और आ वासन दिया कि यह धारा अस्थायी है और इसे ीघ्र ही समाप्त कर अन्य राज्यों के समान कर दिया जाएगा। यह धारा संविधान के जिस अनुच्छेद में रखी गई है उसका ीर्षक है "अस्थायी और बदली जानेवाली धाराएँ"। परन्तु आज भी धारा 370 बदस्तूर जारी है। इतना ही नहीं हाल ही में एक प्र न के उत्तर में क मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा था कि किसी में हिम्मत नहीं जो इसे हटाने की बात कर सके।

एक और उदाहरण राजभाषा हिंदी का है। संविधान के अनुसार संघ की राजभाषा देवनागरी लिपि में लिखित हिंदी है। इस अनुच्छेद के खंड (2) में यह व्यवस्था की गई है कि संविधान के लागू होने के समय सन् 1950 से 15 वर्ष की अवधि तक अर्थात् सन् 1965 तक संघ के सभी कार्यों के लिए पहले की तरह अंग्रेजी का प्रयोग होता रहेगा। अनुच्छेद 343 (1) में संसद को यह अधिकार दिया गया है कि वह 1965 के बाद भी सरकारी कामकाज में अंग्रेजी का प्रयोग

जारी रखने की व्यवस्था कर सकती है। राजभाषा के रूप में हिन्दी के प्रयोग की व्यवस्था करते समय भारत सरकार ने इस बात को ध्यान में रखा कि हिन्दी धीरे-धीरे अंग्रेजी का स्थान इस प्रकार ले जिससे हिन्दीतर भाषा-भाषियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा प्र ाासन के काम में किसी प्रकार की बाधा न हो। अतः यद्यपि भारत का संविधान 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ तथापि हिन्दी का राजभाषा के रूप में सरकारी कार्यों के लिए पूर्णरूप से प्रयोग आज 63 वर्षों के बाद भी क्रियान्वित नहीं हो सका। आज भी सरकारी कार्यों के लिए हिन्दी का प्रयोग औपचारिकता मात्र है। सरकारी फाइलों में टिप्पणी और मसौदा लेखन (नोटिंग और ड्राफ्टिंग) अंग्रेजी में जारी है। कुछ विभागों में राजभाषा विभाग के आदे ाानुसार हिन्दी में प्राप्त पत्रों के उत्तर हिन्दी में भिजवाने की व्यवस्था अव य की गई है।

संविधान के अनुसार सन् 1965 तक अंग्रेजी को पूरी तरह से हट जाना था और सरकारी कामकाज में हिन्दी का ही प्रयोग होना था, परन्तु राजभाषा आयोग और संसदीय समिति दोनों ने ही राजभाषा अधिनियम 1963 द्वारा यह व्यवस्था की कि 26 जनवरी, 1965 के बाद भी संघ के सरकारी प्रयोजनों के लिए हिन्दी के साथ अंग्रेजी का प्रयोग किया जाता रहेगा। आज भी व्यवहार में अधिकां ा प्रयोजनों के लिए अंग्रेजी का प्रयोग बदस्तूर जारी है। घर की रानी हिन्दी नौकरानी बन गयी और विदे ाी भाषा अंग्रेजी आज भी महारानी बनकर राज कर रही है।

कहने का अभिप्राय यह है सरकार द्वारा विभिन्न वर्गों के दबाव के कारण जो व्यवस्थाएँ समझौते के रूप में अल्पकाल के लिए लागू की गई थीं उनमें यथास्थिति बनी हुई है। इससे दे ा में जो प्रगति और विकास होना चाहिए था। वह थम गया है। इससे यह प्रतीत होता है कि सत्तासीन दल कुछ वर्गों के तुष्टीकरण के लिए समुचित निर्णय न लेकर समस्याओं को अनि चित काल तक टालने का प्रयास करता है और उन्हें लटकाए रखता है। सरकार में यह साहस होना चाहिए कि वह दे ा के हित को ध्यान में रखकर उचित निर्णय ले, और उन्हें सख़्ती से लागू करे।

संपादक

सांख्य द ोन (अध्याय-1, सूत्र-75)

-डॉ. भारत भूषण विद्यालंकार

प्र न : यदि सूक्ष्म होने के कारण इन्द्रियों से प्रकृति की अनुपलब्धि (उसके अभाव को) सिद्ध नहीं करती तो प्रकृति का अस्तित्व तो किसी उपाय से सिद्ध होना चाहिए। इस विषय में सूत्रकार कहता है। सूत्र है-

कार्यद ोनात्तदुपलब्धेः।।75।।

अर्थ- (कार्यद ोनात्) प्रकृति के कार्य के देखे जाने से (तद् उपलब्धेः) उस (प्रकृति) का ज्ञान (अनुमान) हो जाने से उसका अभाव नहीं है।

भावार्थ- त्रिगुणात्मक प्रकृति की उपलब्धि (ज्ञान) उससे होने वाले कार्य को देखने से हो जाती है। हालाँकि मूलप्रकृति अतीन्द्रिय पदार्थ है, परन्तु यह सारा द यमान जड़ जगत् उसका कार्य है। यह जगत् त्रिगुणात्मक अर्थात् सत्व, रज और तम गुणों वाला है। इसमें होने वाले परिणाम को देखकर हम यह जान लेते हैं कि इसका कोई त्रिगुणात्मक मूल उपादान भी अव य होना चाहिए, क्योंकि कोई परिणामी तत्व अपने मूल उपादान के बिना नहीं हो सकता, यह नियम है। इस प्रकार त्रिगुणात्मक कार्य रूपी जगत् से उसके मूल उपादान त्रिगुणात्मक प्रकृति का अनुमान हो जाता है। अतः केवल दिखाई न देने से प्रकृति का अभाव नहीं माना जा सकता।।75।।

सी-2ए, 16/90 जनकपुरी,
नई दिल्ली-10058

Words of Wisdom

- What you cannot enforce, do not command.
- Success is the sum of small efforts, repeated day in and day out.
- Dreams are the touchstones of our character.
- He who has never learned to obey cannot be a good commander.
- To climb steep hills requires a slow pace at first.
- Try not to become a man of success but a man of value.
- Shoot for the moon, even if you miss, you'll land amongst the stars.
- It takes a person with a mission to succeed

भारतीय नव संवत्सर
(1 चैत्र ाुक्ल विक्रमी)

भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति में विक्रमी सम्वत् तथा उसके अन्तर्गत पड़ने वाली तिथियों का वि ोष महत्त्व है। चाहे बच्चे का जन्म हो, नामकरण संस्कार हो, विद्यालय भेजने का अवसर हो, विवाह हो, गह प्रवे ा हो या किसी के राज सिंहासन पर बैठने की बात हो, ाुभ लग्न व मुहूर्त दिखवाते हैं। उनके अनुसार कोई भी कार्य यदि एक अच्छे मुहूर्त में प्रारम्भ हो तो उस काम की सफलता में चार चाँद लग जाते हैं। आखिर पंडित विद्वान लोग किस आधार और कैसे इस मुहूर्त को निकालते हैं। इस का आधार है प्राचीन व वैज्ञानिक कालगणना पद्धति। वि व में सौर मण्डल के ग्रहों व नक्षत्रों की चाल व निरन्तर बदलती उनकी स्थिति पर ही हमारे दिन, महीने, साल तथा उनके सूक्ष्मतम भाग आधारित होते हैं।

विक्रमी सम्वत् 2071 का ाुभ-आरंभ (31 मार्च से)

भारतीय संस्कृति श्रेष्ठता की उपासक है। जो प्रसंग समाज में हर्ष, उल्लास जगाते हुए सही दि ाा प्रदान करते हैं, उन्हें हम उत्सव के रूप में मनाते हैं।

अपने स्वाभिमान, राष्ट्रप्रेम को जगाने वाला ऐसा ही प्रसंग आता है चैत्र मास के ाुक्ल पक्ष की प्रतिपदा को, जिस दिन से भारतीय नववर्ष प्रारम्भ होता है। आइये, इस दिन की महानता के प्रसंगों को देखते हैं-

ऐतिहासिक महत्त्व

1. यह दिन अपनी काल गणना का प्रथम दिन अर्थात् सष्टि रचना का पहला दिन है। आज से एक अरब, सत्तानवें करोड़ उनतीस लाख, उन्चास हजार, एक सौ बारह (1,97,29,49,112) वर्ष पूर्व इसी दिन के सूर्योदय से ब्रह्मा जी ने जगत की रचना की।
2. **विक्रमी सम्वत् का पहला दिनः** विक्रमादित्य के नाम पर सम्वत् प्रारम्भ होता है जिसके राज्य में न कोई चोर था, न अपराधी थे, न भिखारी थे और इसी दिन सम्राट् विक्रमादित्य ने 2070 वर्ष पहले ऐसा राज्य स्थापित किया था।
3. **प्रभु राम ने भी यही दिन लंका विजय** के उपरांत अयोध्या आने के बाद राज्याभिषेक के लिये चुना था अर्थात् प्रभु राम का राज्याभिषेक का भी यही दिन था।
4. नवरात्र स्थापना ाक्ति और भक्ति के नौ दिन अर्थात्, नवरात्र स्थापना का पहला दिन यही है। प्रभु राम के जन्म दिन रामनवमी से पूर्व नौ दिन उत्सव मनाने का प्रथम दिन।
5. **आर्यसमाज स्थापना दिवस** - समाज को श्रेष्ठ (आर्य) मार्ग पर ले जाने हेतु स्वामी दयानन्द सरस्वती ने इसी दिन को आर्यसमाज स्थापना दिवस के रूप में चुना। ऋषिवर ने 10

अप्रैल 1875 को आर्यसमाज की स्थापना करके, मानवमात्र के उपकारार्थ जो किया वह सदा-सदा याद किया जायेगा। वे दे ावासियों को वि ुद्ध वैदिक धर्म में दीक्षित कर, आत्मज्ञान से उज्ज्वल और पवित्र कर देना चाहते थे। उन्होंने वेद के उदाहरण देकर सिद्ध कर दिया कि स्त्रियों की ि ाक्षा, अध्ययन आदि वेद विहित है उन्होंने दलितों को समान अधिकार दिलाया, भटके हुओं को सही रास्ता दिखाया, ब्रह्मचर्यपालन की महिमा का वर्णन किया। उन्होंने भारतीय प्राचीन संस्कृति को नवजीवन प्रदान किया।

स्वामी जी महाराज भारत को राजनैतिक, सामाजिक और धार्मिक रूप से एक सूत्र में बाँधना चाहते थे। आज आर्यसमाज का स्थापना दिवस सम्पूर्ण वि व में मनाया जा रहा है। उस युगदष्टा ऋषि को हमारी प्रणामांजलि।

6. **गुरु अंगद देव प्रगटोत्सव** : यह सिक्ख परम्परा में उनके द्वितीय गुरू अंगददेव का जन्मदिवस है।

7. **सन्त झूलेलाल जन्मदिवस** : सिंध प्रान्त के प्रसिद्ध समाज रक्षक सन्त झूलेलाल का भी यह जन्म दिवस है।

8. **ाालिवाहन जन्म दिवस** : विक्रमादित्य की भाँति ाालिवाहन ने हूणों को परास्त कर दक्षिण भारत में श्रेष्ठतम राज्य स्थापित करने हेतु यही दिन चुना।

9. **युगाब्द सम्वत्सर का प्रथम दिन** :5115 वर्ष पूर्व युधिष्ठिर का राज्याभिषेक भी इसी दिन हुआ था।

10. **डॉ. के ावराव बलीराम हैडगेवार का जन्म दिवस** भी इसी दिन है। जो राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के संस्थापक थे।

प्राकृतिक महत्व

1. **वसंत ऋतु से सम्बन्ध** : वसन्त ऋतु यानि उल्लास, उमंग, खु ाी का समय। जब चारों तरफ सरसों के पीले फूल लहरा रहे होते हैं, पुष्पों की सुगंधि व्याप्त होती है और मंद समीर बहती है।

2. **फसल पकने का प्रारम्भ** : किसान की मेहनत का फल। एक जनवरी के साथ ऐसा एक भी प्रसंग नहीं जुड़ा है, जिससे राष्ट्रप्रेम जाग सके, स्वाभिमान जाग सके या श्रेष्ठ होने का भाव पैदा हो सके?

आज दे ा करवट ले रहा है। सदियों की निद्रा दूर कर भारत अँगड़ाई ले रहा है। इस दे ा की संस्कृति के मूल तत्व "एकं सत् विप्राः बहुधा वदन्ति" यानि सत्य, ई वर एक है उसे लोग भिन्न-भिन्न नामों से जानते हैं। हम सब साथ-साथ चलें और एक दूसरे से सहयोग करते चलें तो वह दिन दूर नहीं जब हम अपने राष्ट्र की पताका दुनिया भर में सबसे ऊँची फहराएँगे। नव संवत्सर की महत्ता से जन-जन को अवगत कराएँ। अगले वर्ष और अधिक उत्साह से यह पर्व मनाएँ।

महामना मदनमोहन मालवीय जी के जीवन के संस्मरण

सहयोग की भावना

महामना मदनमोहन मालवीय को का ी हिन्दू वि वविद्यालय के निर्माण कार्य हेतु धन की आव यकता थी, इसलिए वह समाज के संपन्न लोगों से मिलकर उनसे उस सत्कार्य के सहयोग की प्रार्थना करते थे। मालवीय जी के एक मित्र उन्हें इसके लिए एक बड़े व्यापारी के घर ले गए। आवाज़ देने पर सेठ जी ने बैठक का दरवाजा खोला और दोनों अतिथियों को बैठाया। उस वक्त ााम हो जाने के कारण अंधेरा छाने लगा थाा। बैठक में बिजली नहीं थी, इसलिए सेठ जी ने अपने छोटे पुत्र को लालटेन जलाने को कहा। पुत्र लालटेन और दियासलाई लेकर आया। उसने माचिस की एक तीली जलाई, परंतु लालटेन तक आते-आते बुझ गई। इस तरह उसने तीन तीलियाँ बर्बाद कर दीं। इस पर सेठ जी ने लड़के से नाराज़ होकर कहा, 'तुमने माचिस की तीन तीलियाँ बर्बाद कर दीं, कितने लापरवाह हो।' यह कहकर सेठ जी जब अंदर गए तो मालवीय जी ने अपने मित्र की ओर देखा, मानो कह रहे हों कि इस सेठ से कुछ पाने की आ ाा मत करो क्योंकि यह तो इतना कंजूस है कि माचिस की तीन तीलियाँ नष्ट हो जाने पर लड़के को डाँट रहा था। संकेत में मित्र ने मालवीय जी से सहमति जताई और दोनों बैठक से बाहर निकले। इतने में सेठ जी आ गए। वह चकित होकर बोले, 'अरे! आप चल क्यों दिए? बैठिए, काम तो बताइए।' मालवीय जी के मित्र ने आने का प्रयोजन बताया। सेठ जी ने पच्चीस हजार रुपये निकालकर रख दिए। मालवीय जी ने सेठ जी से कहा, 'अभी आपने लड़के को माचिस की तीलियाँ नष्ट होने की वजह से डाँटा, जबकि उनका मूल्य नहीं के बराबर है। लेकिन हमें आपने तुरंत पच्चीस हजार रुपये दे दिए।' सेठ जी हँसकर बोले, 'लापरवाही से छोटी से छोटी वस्तु को भी नष्ट नहीं करना चाहिए। लेकिन किसी ाुभ कार्य में हजारों रुपये सहर्ष दे देने चाहिए। दोनों बातें अपनी जगह ठीक हैं। इनमें कोई विरोध नहीं।'

सबसे सही उपाधि

एक दिन कलकत्ता वि वविद्यालय के वाइस चांसलर का एक पत्र पाकर पंडित मदन मोहन मालवीय जी असमंजस में पड़ गए। वह बुदबुदाए-अजीब प्रस्ताव रखा है उन्होंने। क्या कहूँ, क्या लिखूँ? उनके पास बैठे एक सज्जन ने पूछा-पंडित जी, ऐसी क्या अजीब बात लिखी है उन्होंने। मालवीय जी ने पत्र उठाया और उसे पढ़कर सुनाने लगे- कलकत्ता यूनिवर्सिटी आपको डॉक्टरेट की सम्मानित उपाधि से अलंकृत करके अपने आपको गौरवान्वित करना चाहती है। आप अपनी बे ाकीमती स्वीकृति से ाीघ्र ही सूचित करने की कृपा कीजिए। पास बैठे सज्जन ने कहा- आप इन्कार न करें। यह तो, हम वाराणसीवासियों के लिए वि ोष गौरव की बात होगी। मालवीय जी ने उस समय कुछ नहीं कहा। अगले

दिन उन्होंने उस पत्र का उत्तर लिखा – महोदय, आपके प्रस्ताव के लिए धन्यवाद। मेरे इस उत्तर को अपने प्रस्ताव का अनादर मत मानिएगा। मेरा पक्ष सुनकर आप उस पर पुनर्विचार कीजिएगा। कृपया मेरी भावना का आदर करते मुझे डॉक्टर बनाने का विचार त्याग कर "पंडित" ही बना रहने दीजिए। मालवीय जी के लिए यही दुविधा आगे चलकर एक बार फिर पैदा हुई। वद्धास्वस्था में जब मालवीय जी तत्कालीन वाइसराय की कौंसिल के वरिष्ठ काउंसलर थे, तब एक कार्यक्रम के दौरान वाइसराय ने कहा– पंडित जी, ब्रिटि ा सरकार आपको "सर" की उपाधि से अलंकृत करना चाहती है। मालवीय जी ने तुरंत मुस्कुराकर वही पुराना जवाब दिया– मैं अपनी सनातन उपाधि नहीं त्यागना चाहता। मेरे लिए "पंडित" उपाधि ही सही है। यह वर्षों से चली आ रही है और मैं इससे संतुष्ट हूँ।

निजाम का दान

उन दिनों की बात है जब महामना पंडित मदन मोहन मालवीय का ाी हिन्दू वि वविद्यालय की स्थापना के लिए चंदा इकट्ठा कर रहे थे। वे चाहते थे कि समर्थ लोग खास तौर से मदद करें। इसलिए वे सेठों और राजा–महाराजाओं से भी संपर्क कर रहे थे। इसी सिलसिले में वे हैदराबाद के निजाम के पास भी पहुँचे। पर निजाम ने मदद देने से साफ इंकार कर दिया। पर मालवीय जी भी इतनी जल्दी हार मानने वाले नहीं थे। वह सही मौके की ताक में थे। वे वहीं डटे रहे। संयोग से उन्हीं दिनों वहाँ एक वद्ध सेठ का निधन हो गया। सज–धज के साथ उसकी ावयात्रा निकली। ावयात्रा में उसके घर वाले पैसों की बारि ा करने हुए चल रहे थे। मालवीय जी के दिमाग में एक नायाब विचार आया। वह भी उस ावयात्रा में ाामिल हो गए। यही नहीं, वह पैसे भी उठाने लगे। उन्हें ऐसा करते देख कर साथ चल रहे लोगों को बड़ा ताज्जुब हुआ। वहाँ के उनके एक मित्र ने उनसे आखिरकार पूछ ही लिया– ये आप क्या कर रहे हैं? लोग क्या कहेंगे? मालवीय जी झट से बोले– भाई! क्या करूँ, तुम्हारे निजाम ने कुछ भी देने से इंकार कर दिया। मुझे तो अब खाली हाथ ही बनारस लौटना होगा। अगर किसी ने पूछ लिया कि भाई कितना लेकर आए हो, तो मैं क्या जवाब दूँगा। यह कहने में अच्छा तो लगेगा नहीं कि मैं खाली हाथ ही आया हूँ। लोग हैदराबाद के बारे में न जाने क्या छवि अपने मन में बना लें। इसलिए मैं यह सोच रहा हूँ कि इस तरह से कुछ पैसे जमा कर लूँ ताकि लोगों को बता सकूँ कि हैदराबाद से यह रा ि मिली है। यह बात किसी तरह फैलते–फैलते निजाम तक जा पहुँची। इससे निजाम बड़ा लज्जित हुआ। फिर खुद आकर उसने मालवीय जी से माफी माँगी और वि वविद्यालय के लिए दिल खोलकर दान दिया।

बहदाकार प्रतिमा स्थापना समारोह
सरदार पटेल की नीतिमत्ता तथा उनका हास्यबोध

-डॉ. भवानीलाल भारतीय

दे ा के स्वतंत्र होने पर प्रधानमंत्री का दायित्व कौन सँभाले, इस जटिल प्र न के समाधान के लिए काँग्रेस के बहुमत ने सरदार वल्लभभाई पटेल के पक्ष में अपना मत दिया। परन्तु महात्मा गाँधी का व्यक्तिगत झुकाव पं. जवाहरलाल नेहरु की ओर था। गाँधीजी के आगे कांग्रेस नतमस्तक हुई और 15 अगस्त 1947 को पं. नेहरु ने इस दायित्व को सँभाला। सरदार पटेल गाँधीजी के कट्टर अनुयायी थे। उन्हें महात्माजी की आज्ञा सर्वोपरि जान पड़ी और उन्होंने दे ा के गहमंत्री तथा उपप्रधानमंत्री के पदों को सहर्ष स्वीकार किया। आगे 1950 तक के अपने संक्षिप्त कार्यकाल में उन्होंने पाँच सौ से अधिक दे ाी रियासतों को भारत संघ में मिला कर दे ा के एकीकरण का जो लाघनीय प्रयास किया वह उनकी राजनैतिक चातुरी तथा नीतिमत्ता का परिचायक है।

महात्माजी द्वारा प्रतिपादित सत्य और अहिंसा के उसूलों में सरदार की आस्था किसी अन्य गाँधीवादी से कम नहीं थी तथापि वे राजनैतिक प्र नों को यथार्थवादी दष्टि से देखते थे। बात तब की है जब मंत्रिमंडल की एक बैठक में कोरिया के गहयुद्ध पर चर्चा चल रही थी। टोकियो स्थित भारतीय दूतावास के प्रमुख अधिकारी के.के.चेट्टियार ने भारत सरकार को एक पत्र भेजा था जिसमें कोरिया के युद्ध और वहाँ हुई अंधाधुंध बमबारी से हुए भयंकर विना ा का सजीव चित्रण किया गया था। नेहरु जी ने जब यह पत्र पढ़ा और वहाँ के निवासियों की दुर्द ाा का जीवन्त वर्णन पढ़कर पण्डितजी भावाभिभूत हो गये और करुणा से पिघल गये। परन्तु सरदार अविचलित रहे। पत्र वाचन जब समाप्त हुआ तो सरदार पटेल ने आहिस्ता से पूछा- यह पत्र किसने लिखा है? क्या लिखने वाला कोई जैन है? सरदार के कथन में छिपी भावना यह थी कि युद्ध तो विना ा का ही प्रतीक है। उससे यदि करुणा जागत होती है तो वह जैन मत की अहिंसा का ही परिचायक है

मंत्रिमण्डल की एक अन्य बैठक में पुर्तगीज अधिकृत गोवा की स्थिति पर विचार हो रहा था। यह 1950 की बात है। चर्चा का विषय था कि क्या गोवा को पुर्तगाली अधीनता से तुरन्त

मुक्त करा लिया जाए। राजगोपालाचार्य पुर्तगाल के खिलाफ बल प्रयोग करने के पक्ष में नहीं थे। उनका सुझाव था कि हमें गोवा के वर्तमान ाासकों के साथ बातचीत कर कोई समाधान निकाल लेना चाहिए। दो घण्टे तक विचार-विम ा चलता रहा। सरदार पटेल इस दौरान अन्यमनस्क से दिखाई दिये मानों उन्हें इस बहस से कोई मतलब ही नहीं है। बहुत देर तक वे आँखें बंद किये बैठे रहे, लगा जैसे ऊँघ रहे हों। सहसा तन्द्रा त्याग कर बोल उठे- क्या चलें विजय प्राप्त करने को, सिर्फ दो घण्टे का काम है। परन्तु नेहरु जी को सरदार का सुझाव स्वीकार नहीं हुआ। नतीजा इतिहास बताता है। गोवा को सैनिक कार्यवाही से भारत में मिलाने का कार्य सरदार के जीवन काल में नहीं किया जा सका। वह 1961 में खुद नेहरु के ाासन काल में ही करना पड़ा और गोवा से पुर्तगाली सेना को जाना पड़ा।

सरदार की रण चतुरी हैदराबाद (निजाम) को भारत में मिलाने के समय दीख पड़ी। यह उनकी कूटनीतिज्ञता का परिणाम था कि मात्र बारह घण्टों में पुलिस कार्यवाही के नाम से हैदराबाद राज्य को निजाम के अत्याचारों से मुक्त करा लिया गया और लालकिले पर आसिफजाही झण्डा फहराने का ख्वाब देखने वाले मीर उस्मान अली को संधि का पैगाम भेजना पड़ा और सरदार के आगमन पर खुद निजाम भारत के गहमंत्री पटेल के स्वागत के लिए करबद्ध होकर हवाई अड्डे पर आया। उस समय निजाम के चेहरे पर जो बेचारगी बरस रही थी वह देखने लायक थी। उस समय के हैदराबाद के प्रधानमंत्री मीर लियाकत अली और मतान्ध कासिम रिज़वी (रजाकारों की सेना का स्वंयभू सेनापति) क्रान्ति की उस आँधी में ता ा के पत्तों की तरह उड़ते दिखाई पड़े।

किन्तु जब क मीर को पाकिस्तानी आक्रान्ताओं से मुक्त कराने का प्र न आया तो सरदार लाचार दिखाई दिये। इसलिए कि क मीर तो नेहरु जी की ससुराल थी, भला वहाँ उनकी मर्जी के बिना किसी की क्या चल सकती थी? पं. नेहरु की इसी हिमालय भूल का नतीजा हम आज पैंसठ वर्ष बीत जाने पर भी भोग रहे हैं। का ा! सरदार की राय को मान लिया जाता तो सारे क मीर को आततायियों से मुक्त कराना कठिन नहीं था।

3/5, ंकर कालोनी, श्रीगंगानगर

आज रंग है, हे माँ रंग है होली का
(भारत से लेकर फिनलैंड और पेरू तक दुनिया भर में फैली हैं होली-होलिका की परंपराएँ)

भारत में बंगाल में होली से एक दिन पहले ढोल उत्सव होता है जिसमें महिलाएँ बसन्ती रंग की साड़ी पहन कर नाचती हैं। (अलीराजपुर और झाबुआ में राग-रंग का भगोरीया उत्सव होली से एक सप्ताह पूर्व होता है।)

धुर उत्तरी यूरोप का दे ा फिनलैंड हवाई नक ो पर भारत से करीब सात हजार किलोमीटर दूर है, हालाँकि दोनों दे ों के बीच कोई सीधी फ्लाइट न होने के कारण दिल्ली से हेलसिंकी पहुँचने के घंटों का हिसाब लगाना मु किल है। सफर के लिहाज से और भी बुरा हाल दक्षिणी अमेरिकी दे ा पेरू का है। मुंबई से लीमा पहुँचने के लिए 17 हजार किलोमीटर का सफर तय करना पड़ेगा, लेकिन इन दोनों ाहरों के बीच भी कोई सीधी उड़ान नहीं है। खुद पेरू और फिनलैंड एक दूसरे से लगभग 12 हजार किलोमीटर दूर हैं। विरल आबादी वाले इन दे ों के बीच आवाजाही बहुत ही कम है। लेकिन यह कैसा संयोग है कि फरवरी, मार्च और अप्रैल में इन तीनों दे ों में एक-दूसरे से बहुत मिलते-जुलते रिवाज़ देखने को मिलते हैं। स्वीडन और फिनलैंड में मनाई जाने वाली वालपर्जिस नाइट भारत के होलिका दहन की याद दिलाती है। और तो और, दोनों जगह इन त्यौहारों का माहात्म्य भी एक जैसा है। सारी बुराइयाँ, सारी बीमारियाँ इधर होलिका और उधर वालपर्जिस की आग में जलाकर खाक़ कर दी जाती हैं। इससे आगे नया साल, नई जिंदगी। फर्क बस जरा सा है, कि उत्तरी यूरोप में होलिका किसी झील, या नदी के किनारे जलाई जाती है, जो अपने तरल रूप में यहाँ अप्रैल बीतने के बाद ही मनती है। उधर पेरू और उसके पड़ोसी दे ा इक्वाडोर में फरवरी-मार्च के महीनों में वह चीज़ नज़र आती है, जिसे हमारे यहाँ होली का हुड़दंग कहते हैं। पेरू के हुड़दंगी तो जब-तब भारत से भी ज्यादा हिंसक हो उठते हैं। उन्हें काबू करने के लिए पुलिस बुलानी पड़ती है। पिछली सदी में तो एक बार वाटर गेम्स पर प्रतिबंध ही लगा दिया गया था।

एक ही मौसम में पड़ने वाले भारत, पेरू और फिनलैंड के त्यौहारों में कोई फर्क नहीं दिखेगा। अलबत्ता धर्म और अध्यात्म के धरातल पर, इनके बीच कुछ बुनियादी फर्क हैं। होलिका दहन और होली हिन्दुओं के त्यौहार हैं। हिन्दू माइथॉलजी में इन दोनों को आपस में जोड़कर देखा जाता है, हालाँकि इस तरह का कोई पौराणिक किस्सा हमें नहीं मिलता, जिससे रात में होलिका जलाने के ठीक अगले दिन रंगों से होली खेलने का सिलसिला जुड़ता हो। उधर पेरू के वाटर गेम्स, उत्तरी यूरोप की वालपर्जिस नाइट, बाकी यूरोप में ठेठ गर्मियों में मनाई जाने वाली मिडसमर नाइट किसी न किसी रूप में ईसाई संस्कृति के साथ जुड़े हैं और इनकी व्याख्या ईसा मसीह और संत जॉन के जीवनचरित से जोड़ कर की जाती है।

सतह के नीचे सभी मानते हैं कि ये त्यौहार यूरोप और लैटिन अमेरिका में ईसाइयत पहुँचने के पहले से मनाए जा रहे हैं और इनका संबंध कहीं न कहीं फसल कटाई से है। उत्तरी यूरोप में फसलें देर से कटती हैं, लिहाज़ा वालपर्जिस नाइट 30 अप्रैल को और मिडसमर नाइट 20 से 24 जून के बीच किसी तारीख को मनाई जाती हैं। संत जॉन की जन्मतिथि के करीब पड़ने की वजह से मिडसमर नाइट को कहीं-कहीं जुहानुस भी कहा जाता है।

इसके विपरीत लैटिन अमेरिका में मुख्य फसलों की कटाई का सीज़न कमोबे ा भारत जैसा ही है, लिहाज़ा वहाँ वाटर गेम्स फरवरी-मार्च में खेले जाते रहे हैं। कैथलिक परंपरा में यह समय कार्निवाल का है, लिहाज़ा होली जैसे ये खेल धीरे-धीरे कार्निवाल का हिस्सा बन गए। हिन्दुओं की होली की तरह कैथलिकों के कार्निवाल की तिथि भी आगे-पीछे होती है। ईसा मसीह के नवजीवन पर्व ईस्टर की तिथि 22 मार्च और 25 अप्रैल के बीच पड़ सकती है-कार्निवाल का उत्सव इसके 40 दिन पहले समाप्त हो जाना चाहिए। यह एक संयोग ही है, लेकिन 2011 में होली और कार्निवाल की तिथियाँ एक-दूसरे के बहुत करीब पड़ी थीं।

भारत में होलिका दहन का एक बड़ा भौगोलिक संदर्भ भी हैं।

पड़ोसी दे I ईरान में इसके बहुत करीब की तिथियों पर पड़ने वाला त्योहार चहार Iनबे सूरी (चौथे बुधवार का भोज) होलिका के साथ हर मामले में मिलता-जुलता है। इसमें बुराई के प्रतीक एक ठूँठ के इर्दगिर्द लड़कियाँ, पत्तियाँ और उपले जमा किए जाते हैं, फिर इसमें आग लगाकर लोग आग की परिक्रमा करते हैं और उसके ऊपर से कूदते हैं। इस दौरान वे 'जर्दिए मन अज तो, सुर्खिए तो अज मन' (मेरी जर्दी तेरी हो, तेरी लाली मेरी हो) के नारे भी लगाते हैं। इस फारसी मंत्र का अर्थ है- आग मेरी सारी बीमारियाँ लेकर पीली पड़ जाए, बदले में अपनी लाली मुझे देकर अगले साल मुझे स्वस्थ रखे। ईरान में इस त्यौहार के 1700 ईसा पूर्व Iरू होने का इतिहास मिलता है। क्या दोनों दे Iों के बीच परंपरा की यह एकता आर्यों को दो प्रमुख Iाखाओं के साझा दौर से निकली है?

यहाँ चहार Iनबे सूरी के बारे में दो और जानकारियाँ काम की हो सकती हैं। गत साल इसे 21 मार्च को, मनाया गया। इसे मनाने के दौरान दिखे उत्साह से खीझकर ईरान के एक बड़े धार्मिक नेता ने अपनी संसद 'मज़लिस' से इस गैर-इस्लामी परंपरा पर रोक लगाने की माँग की। संभव हो तो इस नेता को फारसी और हिंदवी के महाकवि अमीर खुसरो की वे रचनाएँ भेजी जानी चाहिए, जिनमें होली के रंग सूफ़ी इस्लाम के साथ घुले-मिले हैं। अपने दायरे से बाहर निकल कर देखने पर अपने त्योहार, अपनी परंपराएँ और भी प्यारी लगती हैं। किसी धार्मिक या राजनीतिक समझ के तहत अगर हम इनका दायरा सिकोड़ने की कोI I करते हैं तो त्योहारों का कुछ नहीं बिगड़ता, अलबत्ता हम खुद छोटे हो जाते हैं।

ब्रिटि I कवि स्टीफन स्पेंडर के उद्‌गार

भारत एक मात्र ऐसा दे I है जो ब्रिटि I साम्राज्य का हिस्सा था पर वास्तविक अर्थों में अब भी वह उससे बाहर नहीं निकल पाया है। यह दे I इतने दिनों बाद भी अंग्रेजी की गुलामी से उबर नहीं पाया है।

सुख-दुःख़- एक सिक्के के दो पहलू

-उमा मोंगा

सुख-दुःख एक अहसास है।
कभी कोई दूर, और कभी कोई पास है।
इन्हें न लेकर आये थे, न लेकर जायेंगे।
सुख-दुःख सब यहीं मिले, और यहीं छूट जाएँगे।
बड़ी अद्भुत है ज़िन्दगी, न िाकायत करो कि उदास है ज़िंदगी।
ज़िन्दादिली से जीने का ही नाम है ज़िंदगी।

दुःख का साथी सदा सुखी। सुख-दुःख समय के दो पहिये हैं। दोनों का समान महत्व है। जो व्यक्ति दुःख का सम्मान करता है उसको कोई भी दुःख दुःखी नहीं करता। दुःख की महत्ता सुख से ज़्यादा है।

गुलाब काँटों में रहकर भी सुखी है।
इन्सान महलों में रहकर भी दुःखी है।।

दुःख में प्रभु की याद - एक दिन भगवान कृष्ण ने अपनी बुआ कुन्ती से कहा- तुम मुझसे वरदान माँग लो। तब महारानी कुन्ती ने कहा-मेरे जीवन में दुःख आते रहें, ऐसा वरदान दो। श्री कृष्ण ने आ चर्य से पूछा - बुआ दुःख से तो सब घबराते हैं, छुटकारा पाना चाहते हैं, फिर भी तुम दुःख की कामना क्यों करती हो?

प्रसन्न भाव से कुन्ती ने कहा- दुःख प्रभु की याद दिलाता है। मैं तुम्हें कभी भूलूँ नहीं इसलिये दुःख चाहती हूँ। कुन्ती ने सदा दुःख का स्वागत किया और कहा-

घर-घर मत जा रोये रे दुःखड़ा बहुत पछतायेगा।
मेरो घर खुलो छोड़यो, तू कद आएगा।

इतिहास गवाह है कि संत तुकाराम को कर्क ाा, झगड़ालू पत्नी का योग मिला तो उसने अपने भगवान का धन्यवाद करते हुए कहा - "प्रभु! मुझे संसार की आसक्ति से बचाने के लिये अच्छी व्यवस्था कर दी, पत्नी के रूप में अंकु ा लगा दिया। ताकि मेरा मन राग-मोह में न उलझे, बड़ी कृपा की।

देखा जाये तो ज्ञानी पुरुषों को, दूसरों के दोषों में भी गुण नज़र आते हैं। इसलिये वे दुःखी नहीं होते। अतः इन्सान की दुःख के प्रति जैसी सोच व दष्टि होगी वैसी ही सष्टि नज़र आयेगी। महाभारत में श्री कृष्ण ने युधिष्ठिर और दुर्योधन को अच्छे-बुरे लोगों की सूची बनाकर लाने को कहा। दोनों गये। खूब घूमे, पर युधिष्ठिर ने सूची में किसी का भी नाम नहीं लिखा, क्योंकि उसे कोई भी बुरा व्यक्ति नहीं मिला। सब लोग अच्छे ही लगे। उधर दुर्योधन की पूरी सूची भर गई क्योंकि उसे बस बुरे ही बुरे नजर आए, अच्छा कोई नहीं मिला। यह है सोच का प्रतिफल।

एक नगर में एक सेठ थे। जो ई वर-भक्ति में ही अपना जीवन-यापन किया करते थे। कुछ ईर्ष्यालु व्यक्तियों ने राजा से उनकी ि क़ायत की और कुछ आरोपों में उन्हें फँसा दिया। वहाँ के राजा ने उस सेठ को कारागार में बन्द करवा दिया। वह अभिमानी राजा, कैद का निरीक्षण करते हुए, एक दिन, उस सेठ के पास आया और पूछा- कैसे हो? तो सेठ ने जवाब दिया बहुत आनंद में हूँ। जेल से बाहर मैं बहुत व्यस्त था। स्वाध्याय का समय ही नहीं मिलता था। अब मैंने सारी धार्मिक पुस्तकें मँगा ली हैं और उन पुस्तकों का स्वाध्याय करता हूँ और आनन्द में समय बिता रहा हूँ। अभिमानी राजा सेठ को दुःखी देखना चाहता था। उसने वो सारी पुस्तकें वहाँ से हटवा दीं। 15 दिन बाद राजा फिर जेल का निरीक्षण करने आया और देखा कि वह सेठ उसी तरह से खु ा और आनन्दित है। राजा ने फिर सेठ का हाल पूछा, तो सेठ ने कहा ई वर की बड़ी कृपा है अच्छा किया आपने पुस्तकें हटवा दीं। अब मैं गीत, कविता लिखने में व्यस्त रहता हूँ। इसका सुख ही अलग है। अब राजा ने लिखने पर प्रतिबन्ध लगा दिया तो सेठ ने ध्यान और साधना में समय व्यतीत करना ुरू कर दिया। अब राजा चाहकर भी उस पर प्रतिबंध नहीं लगा सका। राजा को समझ आ गया कि सेठ हर हाल में जीना जानता है।

उसने तत्काल सेठ को रिहा कर दिया। अतः दुःखी होना, न होना व्यक्ति पर निर्भर करता है।
बाह्य वस्तुओं में न दुःख देने की क्षमता है न सुख देने की। अपने दुःख का आरोप दूसरों पर लगाना अज्ञानता है।
जैसा बीज वैसा फल।
बोया बीज बबूल का आम कहाँ से खाय।
हर भौतिक वस्तु का बँटवारा किया जा सकता है, पर सुख-दुख का नहीं। इसका फल तो कर्त्ता को ही भोगना पड़ता है।
अतः मानव भाग्य को कोसने में जितना समय लगाता है उतना अगर भाग्य निर्माण में लगाए तो वह संसार की सब निधियों को पा जाए और सुख का साम्राज्य स्थापित हो जाए।
सुख का संबंध स्वयं प्रारब्ध से है जिसे भोगे जाने वाले कर्म कहते हैं।
इन्सान दुःखी क्यों होता है? आज इन्सान दुःखी है अपनी ईर्ष्या की वत्ति से। वह दुःखी है अपने रि तेदार या पड़ोसी की उन्नति से और लगा रहता है उसे नीचे दिखाने में या नुक़सान पहुँचाने में। अतः ईर्ष्यालु व्यक्ति हमे ाा दुःखी रहता है।
एक बार आइन्सटीन से किसी ने पूछा, संसार में इतने दुःख हैं जबकि विज्ञान ने इतने सुख के साधनों की खोज की है? तो आइन्सटीन ने जवाब दिया कि विज्ञान ने अभी अच्छे मानव बनाने की कोई कल्पना ही नहीं की है और न ही कोई अन्वेषण हो रहा है।
हम देखते हैं कि सुख व दुःख व्यक्ति की कार्य-प्रणाली पर निर्भर हैं। वह चाहे तो अपना जीवन खु ायों से भर ले या फिर काँटों की सेज सजा ले। देने वाले ने तो कोई भी कमी नहीं की, दामन हमारा ही छोटा हो गया।

अधिष्ठाता व संचालिका
आर्य वीरांगना दल - आर्य समाज
सी-3 जनकपुरी, नई दिल्ली - 110058

हिन्दुस्तान के विभाजन में गाँधी जी की भूमिका

-कन्हैयालाल एम. तलरेजा

यह एक तथ्य है कि गाँधी जी मातभूमि के विभाजन के पूर्णतः विरुद्ध थे। उन्होंने अपनी पत्रिका "हरिजन" में अपने विचार निम्नलिखित रूप में व्यक्त किए: "मैं पूरी तरह आ वस्त हूँ कि मुस्लिम लीग द्वारा की गई पाकिस्तान की माँग इस्लामसम्मत नहीं है और मुझे इसे पापमय बताने में भी कोई हिचक नहीं है। अतः जो लोग भारत को दो समूहों में बाँटना चाहते हैं वे भारत और इस्लाम के समान त्रु हैं। वे मेरे टुकड़े कर सकते हैं पर वे मुझसे ऐसी कोई बात नहीं मनवा सकते जिसको मैं गलत मानता हूँ।"

(हरिजन, अंग्रेजी साप्ताहिक, अक्टूबर 6, 1946)

यदि गाँधी जी अपने पूर्वोक्त विचारों पर स्थिर रहते और उन पर अटल संकल्प के साथ आचरण करते तो विभाजन की विभीषिका से बचा जा सकता था। पर यह घोर विडम्बना, व्यथा और विस्मयभरी बात है कि वे अपने विचारों पर साहसपूर्वक जमे नहीं रह सके। हिन्दू-मुस्लिम एकता की सनक ने उन्हें कई बार डगमगाया था। एक ओर तुष्टिकरण के उस समर्थक ने कहा था : "वैयक्तिक रूप से, मुझे ऐसी कोई वस्तु नहीं चाहिए जिसके विरुद्ध मुस्लिम हों।" जबकि दूसरी ओर उनके अन्दर छिपे सत्यान्वेषी ने घोषणा की थी : "मैं भारत के विभाजन को पाप समझता हूँ।" (महात्मा गाँधी : हिन्दुओं और मुसलमानों को सम्बोधन) (गाँधी रचनावली, खण्ड-3, पष्ठ-454)

जब उनके मस्तिष्क पर हिन्दू-मुस्लिम एकता की सनक सवार हो गई, तब उन्होंने असहाय होकर मातभूमि के हत्यारों की त्रुतापूर्ण माँग के सामने घुटने टेक दिए और कह डाला : "मुस्लिम ासन भी भारतीय ासन के समान है। मैं सदैव ब्रिटि ा ासन की तुलना में मुस्लिम ासन को प्राथमिकता दूँगा।" (पूर्वोक्त, पष्ठ 467-469)

किन्तु जब उनके हृदय में एक ई वरभीरु व्यक्ति की ध्वनि गुंजित हुई तब वे कह उठे : "पाकिस्तान की माँग का अर्थ है कि असंख्य हिन्दुओं और मुस्लिमों ने एक राष्ट्र के रूप में मिलजुल कर रहने का जो कार्य ताब्दियों तक किया था वह

सब मिट्टी में मिल जाएगा।" (पूर्वोक्त, पष्ठ 415)
